दिन– शुक्रवार | दिनांक– 05/09/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। | अवधि – 05 मिनट

---

आज शिक्षक दिवस है। यह दिन शिक्षाविद् और पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली में विज्ञान भवन में शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करेंगी। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में तीन बिहार के हैं। इनमें किशनगंज के सुहागी प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका कुमारी निधि, सुपौल के ललित नारायण लक्ष्मी नारायण प्रोजेक्ट गर्ल्स स्कूल के शिक्षक दिलीप कुमार और सैनिक स्कूल नालंदा के डॉक्टर प्रमोद कुमार शामिल हैं। यह प्रतिष्ठित वार्षिक पुरस्कार उन उत्कृष्ट शिक्षकों को दिया जाता है, जिन्होंने अपने समर्पण और प्रतिबद्धता से शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाया है और विद्यार्थियों के जीवन पर उसका गहरा असर पड़ा है। इधर, शिक्षक दिवस के अवसर पर पटना में राज्य शिक्षक पुरस्कार से बहत्तर शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इसमें तैंतालीस शिक्षक और उनतीस शिक्षिका शामिल हैं। श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में चयनित शिक्षकों को तीस हजार की राशि के साथ शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

———————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में एक हजार एक सौ उनसठ करोड़ रूपये की लागत की सत्रह योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य और जन प्रतिनिधि मौजूद थे।

———————————————————

एनडीए ने बिहार को लेकर केरल कांग्रेस की ओर से किये गए एक आपत्तिजनक पोस्ट पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि बिहार और बिहारियों को अपमानित करना कांग्रेस की पुरानी आदत रही है। जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि बिहार का अपमान महागठबंधन के घटक दलों के लिए राजनीतिक स्वाभिमान बन गया है।

———————————————————————————

राष्ट्रीय लोक मोर्चा की ओर से आज पटना में संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार महारैली का आयोजन किया जा रहा है। मिलर स्कूल मैदान में आयोजित रैली को पार्टी प्रमुख उपेन्द्र कुशवहा समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे।

———————————————————————————

राजगीर में खेली जा रही एशिया कप पुरूष हॉकी प्रतियोगिता के सुपर फोर ग्रुप में भारत चार अंकों के साथ पहले स्थान पर है। कल खेले गए सुपर फोर स्टेज के एक मैच में भारत ने मलेशिया को चार–एक से पराजित किया। सुपर फोर पूल स्टेज में भारत का अगला मुकाबला कल चीन से होगा।

———————————————————————————

पैगंबर हज़रत मोहम्मद का जन्म दिवस ईद–ए–मिलाद–उल–नबी आज धार्मिक श्रद्धा और आस्था से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पैगंबर मोहम्मद के जीवन और शिक्षण पर मिलाद महफिल और सीरत का आयोजन किया गया है। मिलाद जुलूस भी निकाले जा रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस अवसर पर लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————————

पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने अपने पांच महीने का वेतन बाढ़ पीड़ितों के लिए समर्पित किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री यादव ने यह जानकारी दी। उन्होंने अपने दो –दो महीने का वेतन हिमाचल प्रदेश और पंजाब के बाढ़ पीड़ितो के लिए तथा एक महीने का वेतन गुजरात के बाढ़ पीड़ितों के लिए दिया है। श्री यादव ने कहा कि आगे भी वे बाढ़ पीड़ितों की सहायता करेंगे।

———————————————————————————

प्रदेश में मॉनसून के कमजोर पड़ने से बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना के मसौढ़ी में सबसे अधिक चौबीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज राज्य के दक्षिण–पूर्वी और दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।